# दीपवाली महोत्सव के माध्यम से दिया पर्यावरण के लिए जागरुकता संदेश

**मंडला, देशबन्धु।** किडजी प्ले स्कूल सिविल लाइन्स में सोमवार को दीपावली सेलिब्रेशन विशेष रूप से मनाया गया,दीपावली महोत्सव के अवसर पर खास प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें माताओं ने अपने बच्चों के साथ मिलकर आनंदपूर्वक भाग लिया, इस अद्भुत आयोजन में प्ले ग्रुप के छात्र छात्राओं ने माताओं के साथ तोरण बनाने की प्रतियोगिता में हिस्सा लिया,वहीं नर्सरी वर्ग के छात्र-छात्राओं ने माताओं के साथ पूजन थाली सजाई,इसी क्रम में जूनियर केजी के बच्चों ने माताओं के साथ लैंप बनाने में अपनी रचनात्मकता कला प्रदर्शित की और सीनियर केजी वर्ग की माताओं ने बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में भाग लिया, इसमें अनुपयोगी सामग्री से अपनी कला दिखाते हुए उपयोगी वस्तु बनाने पर विशेष फोकस रहा, इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण प्रदूषण,ध्वनि प्रदूषण वायु प्रदूषण को रोकना रहा,इस समारोह के आयोजन से पहले पूरे सप्ताह विभिन्न कक्षाओं में दीपावली महोत्सव से संबंधित अनेको गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिसमें मिट्टी के दिए,शुभ लाभ,वॉल



हैंगिंग, दीपावली शुभकामनाएं कार्ड, फैमिली फोटो फ्रेम,दीपावली स्पीच,कविता पाठ आदि प्रमुख हैं। इन सभी गतिविधियों का उद्देश्य स्कूल के नन्हें बच्चों को भारत की संस्कृति,पर्व की परंपराओं और दीपावली के महत्व से परिचित कराना रहा,इन गतिविधियों ने बच्चों की रचनात्मकता,कल्पनाशक्ति, सहयोग कौशल,फाइन मोटर स्किल्स,संज्ञानात्मक कौशल, और व्यक्तिगत सामाजिक भावनात्मक कौशल को निखारने में अहम भूमिका निभाई।स्कूल प्रबंधन का कहना है कि इस तरह के आयोजन से बच्चों के मानसिक विकास को और भी मजबूत बनाने में दृढ़ता और प्रबलता उत्पन्न होती है जो कि नन्हें बच्चों के सुनहरे भविष्य की मजबूत नींव साबित होगी, किड्जी प्ले स्कूल सिविल लाइन्स के इस अनूठे आयोजन ने न केवल छात्र छात्राओं बल्कि मां अभिभावक के लिए भी दीपावली का पर्व विशेष बना दिया,आयोजन में अभिभावकों को सरप्राइज उपहार भी दिए गए,दीपावली सेलिब्रेशन के आयोजन में स्कूल प्राचार्या शालिनी शुक्ला,एकेडमिक कोऑर्डिनेटर राशि पमनानी, टीचर्स एवं स्कूल स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

**दीपावली थीम पर किया डेकोरेशन**

दीपावली के अवसर पर इस अद्भुत आयोजन में स्कूल को आयोजन के अनुसार विभिन्न कलर और दीपों, विभिन्न तरह के फूल मालाओं से सुसज्जित किया गया,इस अवसर पर दीपावली से संबंधित पूजन सामग्री के साथ डेकोरेशन काफी मनमोहक रहा, इस अवसर पर अभिभावकों को टीका वंदन एवं फूलों से स्वागत अभिनंदन किया गया, जिससे अभिभावक अभिभूत हुए, इसके बाद अभिभावकों को आयोजन में शामिल करके रोचक बनाया गया।

दीवाली सेलिब्रेशन के आयोजन पर छात्र-छात्राओं के साथ मां अभिभावकों को शामिल होने का अवसर मिला,अभिभावकों ने बताया कि आज अपने बच्चों के कारण हमें भी बहुत कुछ सीखने को मिल रहा है, इसको लेकर हम काफी उत्सुक रहे और अपनी बेहतर कला के साथ बच्चों को भी विभिन्न एक्टिविटी और दीपावली पर्व से संबंधित सामग्री डेकोरेशन के निर्माण में सहयोग किया, बच्चों के साथ हमको भी शामिल किया गया उसको लेकर अच्छा महसूस कर रहे हैं।

# कलेक्टर सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में बेहतर प्रदर्शन करने पर अधिकारियों को दिए प्रशस्ति पत्र

**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में बेहतर प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को जिला योजना भवन में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया है।



उल्लेखनीय है कि माह सितंबर में सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों में 90 प्रतिशत से अधिक प्रकरणों का निराकरण करने पर अधीक्षण अभियंता, ऊर्जा विभाग अयुब खान, जिला आपूर्ति अधिकारी श्री मनोज पुराविया, जिला योजना अधिकारी ऋषभ जैन, जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती रमा दुबे, अग्रणी शाखा प्रबंधक संजय कुमार, प्रभारी खनिज अधिकारी राहुल शांडिल्य, मुख्य नगरपालिका अधिकारी बिछिया श्री लक्ष्मण सिंह सारस, मुख्य नगरपालिका अधिकारी निवास शिवासिंह लोधी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी नैनपुर लक्ष्मण सिंह सारस, मुख्य कार्यपालन अधिकारी बिछिया आरके मंडावी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी मंडला एवं नैनपुर विनोद कुमार मरावी और मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीजाडांडी उमेश कुमार सिंगरौरे को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि सभी अधिकारी आगामी माह में शिकायत का निराकरण में संतुष्टिपूर्वक निराकरण कर अपने स्तर को बेहतर रखें। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर ऋषभ जैन, संयुक्त कलेक्टर जेपी यादव, एसडीएम नैनपुर हुनेन्द्र घोरमारे, एसडीएम बिछिया श्रीमती सोनाली देव, एसडीएम घुघरी सीएल वर्मा, एसडीएम निवास शाहिद खान, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## सार-समाचार



### सीईओ जिला पंचायत ने किया छपरतला शिविर का निरीक्षण

**मंडला, देशबन्धु।** सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने विगत दिवस छपरतला में आयोजित आरोग्यम मंडला जन स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शिविर में आने वाले हर व्यक्ति का इलाज करते हुए आवश्यकतानुसार नि:शुल्क दवाईयों का वितरण करें। सीईओ जिला पंचायत ने निर्देशित किया कि सिकलसेल एनीमिया एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करें। ग्रामीणजनों से चर्चा करते हुए सिकलसेल एनीमिया, कुपोषित बच्चों की जांच सहित 12 तरह की जांचों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। साथ ही शिविर में उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि अपने आस पड़ोस एवं जान पहचान वाले व्यक्तियों को शिविर में लाकर नि:शुल्क दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें। निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत सीईओ, एसडीओ आरईएस सहित संबंधित उपस्थित थे।

### आँगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों के साथ मनाई दीपावली



**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने 'हर घर दीवाली' कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को सामुदायिक भवन स्वामी सीताराम वार्ड मंडला में आँगनवाड़ी केन्द्र के बच्चों के साथ दीपावली मनाई। इस कार्यक्रम में उन्होंने बच्चों से आत्मीय बात करते हुए सभी को दीपावली की शुभकामनाएँ दी। उन्होंने बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं और शिक्षा से संबंधित जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश भी दिए। इस अवसर पर बच्चों के बीच शैक्षणिक प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने इस अवसर पर बच्चों को दीपावली के उपहार भेंट किए। कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, एसडीएम बिछिया सोनाली देव, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास शालिनी तिवारी, रंजीत गुप्ता सहित संबंधित उपस्थित थे।

### सीईओ जिला पंचायत ने निर्माण कार्यों का लिया जायजा



**मंडला, देशबन्धु।** सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने विगत दिवस मवई विकासखंड के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों का जायजा लिया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किए जा रहे निर्माण कार्य तथा ग्राम नरहरगंज में खेल मैदान का निरीक्षण करते हुए सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने कहा कि आवास का निर्माण कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने हितग्राही से चर्चा करते हुए समझाइश दी कि निर्माण सामग्री में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। निरीक्षण के दौरान सीईओ जनपद पंचायत मवई, एसडीओ आरईएस सहित संबंधित उपस्थित थे।

# सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता से करें : कलेक्टर

**मण्डला,देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करें। सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों का निराकरण लेवल 1 एवं लेवल 2 पर ही करना सुनिश्चित करें। सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों का निराकरण समय पर नहीं करने वाले विभाग प्रमुखों के विरूद्ध अर्थदण्ड अधिरोपित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि विभाग प्रमुख सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों से शिकायतकर्ताओं को लाभान्वित कर संतुष्टिपूर्वक निराकरण दर्ज कराना सुनिश्चित करें। जिससे प्रदेश स्तर पर सीएम हेल्पलाईन के प्रकरण में जिले की रैकिंग में सुधार हो सके। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा सोमवार को जिला योजना भवन में आयोजित समय सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर ऋषभ जैन, संयुक्त कलेक्टर जेपी यादव, एसडीएम नैनपुर हुनेन्द्र घोरमारे, एसडीएम बिछिया श्रीमती सोनाली देव, एसडीएम घुघरी सीएल वर्मा, एसडीएम निवास



## समय सीमा की बैठक में की विभागीय कार्यों की समीक्षा

शाहिद खान, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में ए ग्रेड प्राप्त करने वाले अधीक्षण अभियंता, ऊर्जा विभाग अयुब खान, जिला आपूर्ति अधिकारी मनोज पुराविया, जिला योजना अधिकारी ऋषभ जैन, जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती रमा दुबे, अग्रणी शाखा प्रबंधक संजय कुमार, प्रभारी खनिज अधिकारी राहुल शांडिल्य, मुख्य नगरपालिका अधिकारी बिछिया लक्ष्मण सिंह सारस, मुख्य नगरपालिका अधिकारी निवास शिवासिंह लोधी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी नैनपुर लक्ष्मण सिंह सारस, मुख्य कार्यपालन अधिकारी बिछिया आरके मंडावी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी मंडला एवं नैनपुर विनोद कुमार मरावी और मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीजाडांडी उमेश कुमार सिंगरौरे को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि कोई भी अधिकारी अवकाश स्वीकृत कराए बिना मुख्यालय से बाहर नहीं जा सकेंगे। उन्होंने विभाग प्रमुखों के अवकाश स्वीकृति हेतु जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और अपर कलेक्टर को भी निर्देशित किया है। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने विभागों को भूमि आवंटन के संबंध में समीक्षा की।

उन्होंने निर्देशित किया कि विभागों के मांग अनुरूप उन्हें भूमि आवंटन समय सीमा में कराना सुनिश्चित करें। इस संबंध में विभाग प्रमुख द्वारा स्थल निरीक्षण भी कर लिया जाए। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने इसके बाद विभागों में लम्बित अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विभाग प्रमुख अधिकारी लम्बित अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का निराकरण कराना सुनिश्चित करें। इस संबंध में शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन किया जाए। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने न्यायालयीन प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि न्यायालयीन प्रकरणों में जवाब दावा निर्धारित समय सीमा में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। जिससे न्यायालयीन प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में पूर्ण हो सके।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि मंडला जिले के गौरव दिवस का आयोजन 15 एवं 16 नवंबर 2024 को किया जाएगा। उन्होंने गौरव दिवस का आयोजन के लिए विभागीय अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपने के निर्देश दिए हैं। गौरव दिवस के अवसर पर विभागों के द्वारा झाकियाँ, सैला नृत्य, लाईट एण्ड साउंड शो, रानी दुर्गावती की वीर गाथाओं पर आधारित कार्यक्रम, बिरसामुंडा जयंती पर कार्यक्रम, कवि सम्मेलन सहित विभागों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बैठक में पीएम किसान ईकेवाईसी की समीक्षा की। जिले के समस्त किसानों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए ईकेवाईसी अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए।

# शुचि की फिरकी गेंदबाजी से जीता मैच

**मण्डला,देशबन्धु।** सीनियर महिला क्रिकेट में जबलपुर की शुचि ने हासिल किए 6विकेट.. केरल में एम पी लीग के पांचों मैच जीते। मुंबई में होगा क्वाटर फाइनल जबलपुर/मंडला - मध्यप्रदेश सीनियर महिला क्रिकेट टीम ने केरल के त्रिवेंद्रम में खेले गए पांच लीग मैच में पांच जीतकर क्वाटर फाइनल में अपनी जगह बनाई है। मेघालय, दिल्ली, असम,राजस्थान,बिहार एवम पंजाब के साथ हुए रोमांचक मुकाबले में एम पी टीम ने बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। भोपाल की निकिता सिंह के नेतृत्व में एम पी टीम में जबलपुर संभाग के मंडला जिले की उभरती खिलाड़ी शुचि उपाध्याय की फिरकी गेंदबाजी ने चार मैच में 7 विकेट हासिल किए हैं। विदित हो कि आदिवासी बाहुल्य मंडला जिले की शुचि ने महज दो वर्षों में ही बालिका क्रिकेट की अंडर 19, अंडर 23 एवम सीनियर टीम मध्यप्रदेश में शामिल होने का गौरव प्राप्त किया है।











राजेन्द्र फोटोकापी एवं स्टेशनरी

अर्जेन्ट फोटो तुरंत प्राप्त करें।

रिचार्ज बाउचर एवं सभी प्रकार के फार्म उपलब्ध है।

कलेक्ट्रेट मंडला







